<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से कहा– पाकिस्तान के मुद्दे पर भारत को तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं।
- एकीकृत पेंशन योजना के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति और मृत्यु पर ग्रेच्युटी का लाभ देगी केन्द्र सरकार।
- यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बैठक में प्रस्तुत हुए चौवन प्रस्ताव। इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर को प्रदान किया गया अनुमोदन।
- दक्षिण पश्चिम मानसून ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में दी दस्तक, मौसम विभाग ने लगातार वर्षा का जताया पूर्वानुमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से जोर देकर कहा है कि पाकिस्तान के साथ मामले सुलझाने में भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया और आगे भी नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल इस संबंध में जानकारी दी।

***प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कभी भी किसी भी स्तर पर भारत अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी। सैन्य कार्यवाही रोकने की बात सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सेनाओं की एग्जिस्टिंग चैनल्स के माध्यम से हुई थी, और पाकिस्तान के ही आग्रह पर हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत ने नतो कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, नकरता है, और न ही कभी करेगा।***

राज्यसभा सदस्य और प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के बयान पर लखनऊ में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व पटल पर स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगा।

**********

एकीकृत पेंशन योजना के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों को अब सेवानिवृत्ति और मृत्यु की स्थिति में ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा। यह जानकारी कल कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने दी। एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि यह नई व्यवस्था राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सभी श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल गौतमबुद्ध नगर में विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की ग्यारह साल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था ग्यारहवें से चौथे पायदान पर पहुंच गई है।

***2014 में जब मोदी जी सरकार में आए थे तो दुनिया के अंदर ग्यारह नंबर पर हमारी अर्थव्यवस्था थी और आज हमारी अर्थव्यवस्था चौथे नंबर के दुनिया में ऐसे देश हैं जिनके पास सबसे ज्यादा पैसा है और मोदी जी ने कहा है कि 2027 तक जब 13 वर्ष पूरे होंगे तब हम तीसरी अर्थव्यवस्था दुनिया की बन जाएंगे और वह भी दिन दूर नहीं होगा जब दुनिया में हम सबसे आगे होंगे।***

**********

सरकार इस वर्ष 15 अगस्त से तीन हजार रुपये की कीमत वाले फास्टटैग–आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करेगी। इससे देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और किफायती यात्रा संभव होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

***तीन हजार रुपये में जो पास है सालभर का, उसका अगर टोल पे किया जाएगा तो उसकी कीमत कम से कम 10 हजार से ज्यादा रुपये का टोल देना पड़ता था, वो केवल तीन हजार रुपये में होगा और ये जो वेलिडिटी है एक साल में 200 ट्रिप को क्रॉस कर सकते हैं। इसके साथ–साथ एक ट्रिप मिन्स एक टोल को क्रॉस करना। इसका फायदा यह होगा कि 200 ट्रिप्स यानी 200 टोल क्रॉस करना होगा और एक टोल क्रॉसिंग की एवरेज कॉस्ट केवल 15 रुपये पड़ेगी।***

**********

केंद्र सरकार में कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कल बागपत के गांधी विद्यालय इण्टर कॉलेज में तिरपन लाख रुपए की लागत से खेलों के लिये निर्मित बहुउद्देशीय हॉल और स्विमिंग पूल सहित कई खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास कर रही है।

*पश्चिमी यूपी में जो स्पोट्‌र्स का टैलेंट है जो मजबूर होकर हरियाणा में या दूसरे राज्यों में खेलता है। आज उनको मालूम है कि राज्य सरकार उनके लिए बहुत अथक प्रयास कर रही है। स्पोट्‌र्स का विश्वविद्यालय यहां सरधना में तैयार किया गया है। कई स्पोट्‌र्स को ओलंपिक जो स्पोट्‌र्स हैं, डिसिप्लिन है उनको टारगेट किया जाएगा ताकि आने वाली प्रतियोगिताओं में खास तौर से ओलंपिक्स में वहां भारत के खिलाड़ी खूब जो अव्वल दर्जे की जो स्थान पाएंगे, पदक जीतेंगे।*

**********

यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की एक बैठक कल नोएडा स्थित प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित हुयी। बैठक में प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर अरूण वीर सिंह ने चौवन प्रस्तावों की प्रस्तुति की। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में एक हजार वर्ग मीटर में एक पुलिस थाने की स्थापना की जायेगी। इसके अलावा महायोजना–दो हजार इकतालीस के रिक्रिएशन सेक्टर में किंगडम ऑफ ड्रीम्स, ओलम्पिक विलेज, मेदिका थीम पार्क, एविएशन म्यूजियम, ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स, दिल्ली जिमखाना क्लब और दिल्ली हाट जैसी योजनायें प्रस्तावित हैं। बैठक में सेक्टर दस में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर का अनुमोदन भी प्रदान किया गया।

**********

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। इसके लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं को शामिल करने या मौजूदा मतदाताओं के किसी भी विवरण में बदलाव के साथ ही नया पहचान पत्र 15 दिनों के भीतर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

**********

प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने कल वाराणसी में 21 जून को प्रदेश भर में होने वाले योग दिवस के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग सप्ताह के तहत पूरे प्रदेश में चार हजार विशेष ट्रेनर्स के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरित योग की संकल्पना को साकार करते हुए योग दिवस के दिन पौधारोपण अभियान भी चलाया जाएगा।

*हरित योग की संज्ञा भी दी गयी है तो जितने भी हरित पार्क है, सरोवर है उनके किनारे गाँव में अमृत सरोवरों का चयन किया गया है। उन अमृत सरोवरों पर भी वृक्ष लगाये जायेंगे तो गाँव गाँव शहर के पार्कों में शहर के उन स्थानों पर तो हर व्यक्ति जहाँ जहाँ योग होगा वहाँ वृक्ष लगाये जायेंगे। इसलिए हरित योग की भी कल्पना की गयी है।*

**********

प्रदेश के सभी जिलों में सोलह जून से शुरू हुए डायरिया रोको अभियान का दूसरा चरण इकतीस जुलाई तक चलेगा। बदायूं जिले में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और सीएमओ डॉ रामेश्वर मिश्रा ने कल इस अभियान का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डायरिया से बचाने और बीमारी होने पर प्रभावी कदम उठाने के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही डायरिया ग्रसित बच्चों के परिवार में ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां भी दी जाएंगी।

**********

प्रदेश के पूर्वी जिलों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की दस्तक हो गयी है। इसके चलते पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में अगले तीन–चार दिनों तक गरज–चमक के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान है। वहीं मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कल से तीन दिनों तक लगभग सभी स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जतायी है। उधर, बीते तीन दिन से सभी पूर्वी जिलों में बादल छाये हुए हैं और अलग–अलग स्थानों पर गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट भी दर्ज की गयी है।

**********

यूपी टी–20 के तीसरे संस्करण की शुरूआत इस वर्ष बीस से बाइस अगस्त के बीच होगी। इसकी जानकारी देते हुए कल यूपी टी–20 गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि भारतीय रेल की तरफ से रणजी क्रिकेट खेलने वाले ऐसे खिलाड़ी जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, उन्हें भी इस लीग में खेलने का मौका मिलेगा। श्री चौहान ने बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी लीग के आयोजन को मंजूरी दे दी है।

**********